पेज थ्री देहरादून

विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।

देहरादून बृहस्पतिवार 24 सितंबर 2020





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा कूच किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने पूर्व से निर्धारित कार्यक्रमानुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दर्जन भर बेरोजगारों के साथ विधानसभा कूच किया। जहां पर पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर सभी को रोक लिया। इस अवसर पर बॉबी पंवार ने कहा कि उनकी मांगों में उत्तराखंड कैबिनेट द्वारा हाल ही में लिए गए फैसले को वापस लें और प्रदेश में बैक डोर नियुक्तियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएं अस्थाई नौकरियों की जगह स्थाई नौकरियों का प्रावधान हो एंव उत्तराखंड में सरकारी नौकरी पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नियुक्ति लिखित परीक्षा के माध्यम से ही हो।

### विज्ञापन एजेंसी को आर्थिक राहत देने के निर्णय का कोई औचित्य नही

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि नगर निगम, देहरादून की बोर्ड बैठक में करोड़ों रुपयों का व्यवसाय करने बाली विज्ञापन एजेंसी को आर्थिक राहत देने के निर्णय का कोई औचित्य नहीं है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि टेंडर के आधार पर कार्य करती है,लागत का अनुमान लगाकर ही वह अपने रेट्स देती है।

### जन जागरण भिक्षा पदयात्रा का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। भैरव सेना के पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरण के उद्देश्य से भिक्षा पदयात्रा के दूसरे दिन विभाग सचिव करण शर्मा के नेतृत्व में शांति विहार, दीपनगर तथा बंजारावाला क्षेत्र में जन जागरण किया गया। इस अवसर पर भैंरव सेना अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति और विलुप्त होती सनातनी परंपरा को बचाने और प्रचारित प्रसारित करने के लिए उत्तराखंड के क्षेत्रीय संगठन भैरव सेना के द्वारा जन जागरण भिक्षा पदयात्रा का आयोजन किया गया है।

### विनोद कुकवेयर लांच करेगा 'कास्ट आयरन' के प्रॉडक्ट्स

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे बड़े और पुराने कुकवेयर ब्रैंड में से एक, विनोद कुकवेयर, ने "कास्ट आयरन कुकवेयर" के साथ अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में नई कैटेगरी को जोड़ने की अपनी योजना की घोषणा की है। अगले महीने के अंत तक विनोद कुकवेयर कास्ट आयरन प्रॉडक्ट्स लॉन्च करेगा। सिग्नेचर कास्ट आयरन रेंज के खाना पकाने के बर्तन प्रीमियम कास्ट आयरन या कच्चे लोहे से हाथों से खासतौर से तैयार किए जाते हैं। यह हस्तशिल्प का नमूना होने के साथ आधुनिक तरीके से परंपरागत शैली में खाना बनाने का एक परफेक्ट मिक्सचर पेश करते हैं।

# पहली बार कांग्रेस विधायक ट्रैक्टर पर बैठकर पहुंचे विधानसभा

**मानसून सत्र**

■ प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है तो कोरोना संक्रमण की रफ्तार रुक नहीं रही

■ कांग्रेस विधायक सड़क पर ही धरना देने बैठे

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र के लिए कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह, मनोज रावत, काजी निजामुद्दीन और आदेश चौहान ट्रैक्टर से विधानसभा के लिए निकले। इस दौरान प्रसार भारती के सामने पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया गया। इस पर कांग्रेस विधायक सड़क पर ही धरना देने बैठे। इस दौरान पुलिस के साथ नौक–झोंक भी हुईं।

विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से फोन पर वार्ता कर अपना पक्ष रखा। काफी मशक्कत के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने उन्हें विधानसभा जाने की अनुमति दी। वहीं,अपनी मांगों को लेकर नव पर्वतीय विकास संस्था के सदस्य रिस्पना पुल स्थित बैरिकेडिंग के समक्ष सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना पर बैठे।



**कोरोना जांच के बाद मंत्री के घूमने पर उठाए सवालः** प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है तो कोरोना संक्रमण की रफ्तार रुक नहीं रही है। सरकार इन दोनों ही मोर्चों पर पूरी तरह विफल है। उन्होंने सहकारिता व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ धन सिंह रावत के कोरोना जांच होने के बावजूद कई स्थानों पर घूमने और बैठकें करने पर सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर संघर्ष करने को मजबूर है। स्वास्थ्य सेवाएं हों, महंगाई हो या अन्य दिक्कतें आम जनता परेशान है। ऐसे में जनता की आवाज बुलंद कर रही कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं पर मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं, लेकिन सरकार के मंत्री कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन नहीं कर रहे हैं। कोरोना जांच कराने के बावजूद घूम रहे हैं। सरकार उन्हें रोकने से बच रही है। यह दोहरा मापदंड है। कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है।

**सत्र का बढ़े समय, सवालों के जवाब मिलेंः निजामुद्दीन**

मंगलौर विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन ने एक दिनी विधानसभा सत्र पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में जनता के सवालों के जवाब मिलने चाहिए। इसलिए विधानसभा सत्र का समय बढ़ाया जाए। सरकार ने संवादहीनता कायम करने की कोशिश तो कांग्रेस न्याय की लड़ाई के लिए मजबूर हो जाएगी।

### सर्वजन स्वराज पार्टी ने कृषि बिल का पुरजोर विरोध करते हुए विधानसभा कूच किया

**संवाददाता** देहरादून। सर्वजन स्वराज पार्टी केन्द्र सरकार द्वारा हाल में पारित किये गये कृषि बिल का पुरजोर विरोध करते हुए विधानसभा कूच किया। पार्टी के ओल्ड नेहरू कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. देवेश्वर भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता इकटठा हुए और वहां से केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधानसभा कूच किया लेकिन पुलिस ने बैरीकैडिंग लगाकर सभी को रोक लिया और इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक व धक्का मुक्की हुई और बाद में सभी वहीं धरने पर बैठ गये।

इस अवसर पर भटट ने कहा है कि हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित किये गये कृषि बिलों से मंडियों की व्यवस्था खत्म होगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसान अपने उत्पादों को बेचता है और जब मंडिया ही खत्म हो जायेगी तो वह कहां जायेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार मंडियों को खत्म करने की साजिश रचकर छोटे व सीमांत किसानों को बर्बाद करने का काम कर रही है । इस अवसर पर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# उत्तराखंड में विपक्ष बेहद कमजोर है

**आरोप**

■ उत्तराखण्डवासियों को बाद में सपने दिखाएंः रविन्द्र सिंह आनंद

देहरादून। **संवाददाता**

हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा में पास हुए केंद्र सरकार के कृषि विधेयकों के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को विधानसभा के घेराव के लिए कूच किया। इस दौरान रिस्पना से पहले लगाई गई बैरिकेडिंग पर पुलिस ने रोक दिया, जिस पर वे वहीं धरने पर बैठ गए। पुलिस ने आप के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।



केंद्र सरकार के कृषि विधेयकों के विरोध में आप के कार्यकर्त्ता सुबह विधानसभा कूच करने पहुंचे। डिफेंस कॉलोनी गेट पर पुलिस ने आप कार्यकर्त्ताओं को बेरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। आप कार्यकर्ताओं ने कई बार बेरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया।

इस दौरान पुलिस और कार्यकर्त्ताओं के बीच धक्का–मुक्की भी हुई। पुलिस ने उन्हें रिस्पना से पहले लगाई गई बैरिकेडिंग पर रोक दिया। यहां कार्यकर्त्ध्ता नारेबाजी करने लगे। इस दौरान आप कार्यकर्त्ता शास्त्रीनगर की ओर से सीधे विधानसभा मार्ग पर आ धमके। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। यहीं वह धरने पर बैठ गए। बाद में पुलिस ने आप कार्यकर्त्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

प्रदेश अध्यक्ष कलेर ने कहा कि जिस तरह विपक्ष के विरोध के बावजूद केंद्र ने कृषि विधेयकों को दोनों सदनों में पास कराया, वह निंदनीय है।ये विधेयक पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाए गए हैं। प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहिया ने कहा कि पार्टी इन विधेयकों का पुरजोर विरोध करती है और किसानों के हक के लिए उनके साथ खड़ी है। आप के प्रदेश अध्यक्ष कलेर ने कहा कि उत्तराखंड में विपक्ष कमजोर है। इस कारण सरकार अपनी मनमर्जी कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का जो दायित्व होता है, वह आम आदमी पार्टी निभा रही है।

### गैरसैंण उत्तराखंड राज्य आंदोलन का केंद्र बिंदु रहा हैः भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष दिवाकर भट्ट ने कहा है कि गैरसैंण उत्तराखंड राज्य आंदोलन का केंद्र बिंदु रहा है। 42 शहादतें राज्य के साथ गैरसैंण को राज्य की राजधानी लिये भी हुई। 'उन 42 शहादतों को नमन व श्रद्धांजलि 2 अक्टूबर 2020 को उक्रांद गैरसैंण में देगा'। उन्होंने कहा कि जिसमे समस्त जनपदों से दल के वरिष्ठ व कार्यकर्तागण गैरसैंण पहुँचेंगे। आज दल के कचहरी रोड स्थित कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि गैरसैंण कार्यक्रम के पश्चात दल के सभी वरिष्ठ नेतागण राज्य भ्रमण कार्यक्रम में जायेंगे। भट्ट ने कहा कि वर्तमान में संगठन को और मजबूती के लिये भंग केंद्रीय कार्यकारिणी को पुनः बहाल की जाती है। जिसमें सभी पदाधिकारी अपने पद के अनुरूप कार्य करते हुई सक्रिययता को बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्रीय महामंत्री जय प्रकाश उपाध्याय को केंद्रीय कार्यालय का प्रभारी नियुक्त किया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।